# पटना को तीन बड़ी सुविधाएं इसी महीने

**राजधानीवासियों को इस माह तीन नई योजनाओं की सौगात मिलेगी। पटना जंक्शन के समीप सब-वे और मल्टीमॉडल हब का उद्घाटन 22 अप्रैल, तो अशोक राजपथ में बने डबल डेकर पुल का शुभारंभ 30 अप्रैल को होगा। डबल डेकर पुल के रंग-रोगन का कार्य अंतिम चरण में है। मल्टीमॉडल हब भी तैयार है। डबल डेकर पुल के बनने से छात्रों, मरीजों, व्यवसायियों के साथ आम लोगों को सुविधा होगी। सब-वे और मल्टीमॉडल हब से जंक्शन के पास जाम से निजात मिलेगी।**

## डबल डेकर पुल की लंबाई होगी 2.2 किमी

बदलता पटना

**पटना, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि।** डबल डेकर पुल की लंबाई 2.2 किलोमीटर और कैरिजवे की चौड़ाई 8.5 मीटर है। इसका पहला तल 1.5 किमी लंबा होगा, जो पटना कॉलेज से बीएन कॉलेज तक

**1**

फैला होगा। दूसरा तल 2.2 किमी लंबा होगा, जो कारगिल चौक से साइंस कॉलेज तक है। फलाईओवर का ऊपरी तल गांधी मैदान से साइंस कॉलेज के तरफ जाने और नीचे का तल पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ जाने के लिए बनाया गया है। 422 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल के पहले तल पर दो और दूसरे पर तीन संपर्क पथ का निर्माण होना है। इसमें पहले तल के लिए बीएन कॉलेज के पास 130 मीटर और पटना कॉलेज के पास 97 मीटर लंबे संपर्क पथ बना है। दूसरे तल के लिए कारगिल चौक के पास 80 मीटर और पीयू सह कृष्णा घाट के समीप संपर्क पथ बना है। साइंस कॉलेज के समीप मेट्रो की ओर से विवि स्टेशन की लिफ्ट का निर्माण संपर्क पथ के एलाइनमेंट में ही किया जा रहा है।



**30 अप्रैल को अशोक राजपथ में बन रहे डबल डेकर पुल का होगा उद्घाटन**

अशोक राजपथ पर बना डबल डेकर पुल। • हिन्दुस्तान

## सब-वे के चालू होते ही यात्रियों की आवाजाही होगी आसान

**पटना, हिप्र।** पटना जंक्शन से बकरी बाजार के बीच सब-वे बना है। 69 करोड़ से 440 मीटर लंबे और 8.5 मीटर चौड़े सब-वे का निर्माण हुआ है। इसमें ट्रैवलेटर और एस्केलेटर लगाने के साथ ही भूमिगत क्षेत्र में वातानुकूलित, लिफ्ट,

**2**

ऊपरी भाग में आधुनिक शेड का निर्माण हुआ है।

सब-वे पटना जंक्शन, पटना मेट्रो स्टेशन, बुद्ध मार्ग में बने मल्टी लेवल पार्किंग और बकरी बाजार में निर्माणाधीन मल्टी मॉडल हब को जोड़ने के लिए कॉरिडोर का काम करेगा। पटना जंक्शन या पटना मेट्रो स्टेशन पर उतरने वाले यात्री सीधे सब-वे की मदद से मल्टी मॉडल हब और मल्टी लेवल पार्किंग पहुंचेंगे। यहां उन्हें शहर के अन्य इलाकों में जाने के लिए सवारी गाड़ी व सुविधा मिलेगी। चार एस्केलेटर जगहों पर और 30, 55, 45 व 18 मी का ट्रैवलेटर चार जगहों पर लगना इसमें 177 मीटर में भूमिगत आरसी सब-वे बॉक्स टेल और 128 मीटर एडग्रेड सब-वे का निर्माण हुआ है।




पटना जंक्शन का सब वे बनकर तैया